<u>प्रकाशनार्थ</u>

आनन्द इंजीनियरिंग कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान

आगरा। शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टैक्नीकल कैम्पस आगरा के बी0बी0ए0 विभाग द्वारा आने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संस्थान में **"कैन्डिल मार्च"** तथा एक गोष्ठी (परिचर्चा) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज के निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह, बी0बी0ए0 विभागाध्यक्ष प्रो0 संजीव ठाकुर एवं श्री मनीष गुप्ता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। परिचर्चा में संस्थान के वरिष्ठ शिक्षकों के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संध के आगरा विभाग प्रचारक श्री धर्मेन्द्र जी, मंगल मिशन नासा के पूर्व वैज्ञानिक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के डा0 आनन्द राय तथा डा0 अरूण प्रताप शिकरवार, दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट ने मतदान एवं राष्ट्रहित आदि विषयों पर परिचर्चा की जिसका मुख्य विषय ''**वोट फॉर इंडिया**'' रहा।

कालेज के **निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह** ने छात्रों को बताया कि आज के समय में भारत एक युवा शक्ति के रूप में वैश्विक परिदृश्य पर उभर रहा है और युवाओं का यह वर्ग देश की तरक्की में अपने मताधिकार का प्रयोग संवैधानिक तरीके से राष्ट्रहित में करे तो देश को वैश्विक समुदाय में आगे आने से कोई नहीं रोक सकता। इसीलिए उन्होने छात्रों एवं कालेज के सभी कर्मचारियों को **मतदान करने एवं अपने आस–पास के मतदाताओं को जागरूक करने** की शपथ दिलायी।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संध के आगरा विभाग प्रचारक श्री धर्मेन्द्र जी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के अनेक प्रयासों के बावजूद चुनावों में मतों का प्रतिशत 60–70 प्रतिशत तक ही रहता है। चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, पढ़े लिखे लोग भी मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बजाये उस दिन को एक छुट्टी के रूप में बिताना पसंद करते हैं जिसकी वजह से एक संपूर्णरूपेण प्रतिनिधि सरकार का गठन नहीं हो पाता ंऔर अयोग्य प्रतिनिधि समाज का प्रतिनिधित्व करने लगते है अतः हम सभी को अवश्य ही मतदान करना है।

"कैन्डिल मार्च" व परिचर्चा में कालेज के छात्र–छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया और मतदान पर अपने विचार व्यक्त किये। मंगल मिशन नासा के पूर्व वैज्ञानिक एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के डा0 आनन्द राय ने बताया कि "भारतीय संविधान काफी परिपक्व है और इसमें बदलाव की जगह इसके पालन की जरुरत है''। उन्होने इस बात पर जोर दिया की वोट देना ना सिर्फ व्यक्ति का राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य है बल्कि, अधिकार भी है।

दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के डा0 अरूण प्रताप शिकरवार ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मत देने के अधिकार को समझना चाहिए। मत को समझदारी और सही सोच से, राष्ट्रहित में सदुपयोग करने का तरीका जानना चाहिए। जो अपने मताधिकार का उपयोग करने नहीं जा रहे उन्हें जगाने की कोशिश करनी होगी।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष प्रो0 वी0 के0 शर्मा ने कालेज प्रशासन को सही प्रतिनिधि के चुनाव पर आधारित विचारों के सम्प्रेषण हेतु बधाई दी।
इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री अतुल नारंग, डा0 विनय सिंह, डा0 रविन्द्र कुमार जैन सहित सभी विभागाध्यक्ष, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राऐं मौजूद रहे।